**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 250**
**बुधवार, 27 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## केरल के तटीय क्षेत्रों के लिए मौसम पूर्वानुमान पर आईएमडी का प्रेक्षण

**†250. श्री. के.सी वेणुगोपाल:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने भारतीय मौसम विभाग द्वारा हाल ही में अलप्पुझा स्थित वेधशाला को बंद करने से केरल के तटीय क्षेत्रों में मौसम पूर्वानुमान क्षमताओं पर पडने वाले प्रभाव का आकलन किया है;

(ख) क्या अलप्पुझा वेधशाला को आसपास के किसी नए स्थान पर पुन: खोले जाने की योजना है और यदि हां, तो इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार, विशेषकर इडुक्की और वायनाड जैसे संवेदनशील जिलों में, मौसम संबंधी अतिरिक्त निगरानी स्टेशनों की राज्य की मांग पर विचार कर रही है ; और

(घ) केरल में उन स्वचालित मौसम केन्द्रों और वर्षामापी यंत्रों की विश्वसनीयता संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/ किए जा रहे हैं जिन्हें, अंशांकन और रखरखाव संबंधी चुनौतियों का सामना करना पडा है?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) जी हाँ। केरल राज्य के समुद्री बोर्ड द्वारा भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) को जारी किए गए निष्कासन नोटिस के जवाब में यह केवल अस्थायी रूप से बंद की गई है । बंद होने के बावजूद, उसी स्थान पर स्थापित स्वचालित वर्षामापी (ARG) लगातार आवश्यक मौसम डेटा प्रदान कर रही है, और यह कार्यालय मौसम पूर्वानुमान उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग कर रहा है, जिससे केरल के तटीय क्षेत्रों में पूर्वानुमान क्षमताओं से समझौता नहीं हो रहा है।

(ख) जी हां। मौसम विज्ञान केंद्र (MC)-तिरुवनंतपुरम ने केरल सरकार से पुरानी वेधशाला के 2-3 किलोमीटर के दायरे में एक भवन सहित उपयुक्त स्थल उपलब्ध कराने के लिए संपर्क किया है, ताकि अलप्पुझा वेधशाला के मौजूदा जलवायु संबंधी आंकड़े नए स्थान के लिए प्रासंगिक और प्रयोज्य बने रहें।

(ग) वर्तमान में केरल राज्य में और मौसम निगरानी स्टेशन स्थापित करने की कोई योजनाएं नहीं हैं। तथापि, वायनाड के पजहस्सी कॉलेज, पुलपल्ली के परिसर में एक एक्स-बैंड रेडार की स्थापना प्रक्रिया समय-सीमा के अनुसार आगे बढ़ रही है। आईएमडी ने केरल राज्य में पहले से ही पर्याप्त संख्या में स्वचालित मौसम स्टेशन/स्वचालित वर्षामापी/ और एग्रो-एडब्ल्यूएस (AWS/ARG/Agro-AWS) संजाल स्थापित कर लिए हैं। इसके अलावा, आईएमडी ने पहले से ही संवेदनशील जिलों इडुक्की और वायनाड में AWS और ARG संजाल स्थापित कर लिए हैं, जैसा कि अनुलग्नक-1 में दिए गए हैं।

(घ) AWS/ARG/Agro-AWS रखरखाव और अंशांकन के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC) के अंतर्गत हैं। केरल में स्वचालित मौसम स्टेशनों और वर्षामापी की विश्वसनीयता के मुद्दों को हल करने के लिए निम्नलिखित उपाय लागू किए गए हैं/लागू किए जा रहे हैं:

- मौसम विज्ञान केंद्र -तिरुवनंतपुरम मानक उपकरणों के साथ AWS और ARG स्टेशनों पर मापे गए वायु तापमान, सापेक्ष आर्द्रता, वायुमंडलीय दबाव, वर्षा, हवा की गति और हवा की दिशा जैसे मौसम संबंधी मापदंडों की लगातार क्षेत्रीय  तुलना कर रहा है।
- सकल त्रुटि जाँच, जलवायवी संगति जाँच, समय संगति जाँच, आंतरिक संगति जाँच और स्थानिक संगति जाँच के लिए गुणवत्ता नियंत्रण (QC) प्रणाली का विकास IMD द्वारा किया जा रहा है। गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली का पहला संस्करण केंद्रीय डेटा प्राप्त करने वाले सर्वर पर लागू किया गया है।
- AWS और ARG स्टेशनों के निवारक और सुधारात्मक रखरखाव के लिए AWS और ARG प्रणालियों के आवश्यक घटकों के पर्याप्त स्पेयर रखे जाते हैं।
- IMD AWS और ARG स्टेशनों के रखरखाव में शामिल जनशक्ति की योग्यता बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

**अनुलग्नक- 1**

| **AWS/ARG/AGRO-AWS संजाल** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **AWS** | **ARG** | **AGRO- AWS** |
| 1 | केरल | 109 | 30 | 3 |

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **ज़िला** | **AWS/ARG स्टेशन** | **अक्षांश** | **देशान्तर** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केरल | इडुक्की | अनायिरनकल बांध | 10.0104 | 77.2087 |
| 2 | केरल | इडुक्की | अय्यप्पनकोविल | 9.7100 | 77.0100 |
| 3 | केरल | इडुक्की | चेरुथोनी | 9.8650 | 76.9983 |
| 4 | केरल | इडुक्की | कोविलकाडवु | 10.2597 | 77.1688 |
| 5 | केरल | इडुक्की | कुंडला बांध | 10.1461 | 77.2019 |
| 6 | केरल | इडुक्की | मीनकट | 10.0410 | 77.0460 |
| 7 | केरल | इडुक्की | मुन्नार | 10.0833 | 77.0567 |
| 8 | केरल | इडुक्की | पम्पादुमपरा | 9.7986 | 77.1614 |
| 9 | केरल | इडुक्की | पियरमेड | 9.5730 | 76.9910 |
| 10 | केरल | इडुक्की | सेंगुलम बांध | 10.0124 | 77.0318 |
| 11 | केरल | इडुक्की | उडुंबन्नूर | 9.8667 | 76.8586 |
| 12 | केरल | इडुक्की | अपर पेरिंजमकुट्टी | 9.6000 | 77.0100 |
| 13 | केरल | इडुक्की | वट्टवाडा | 10.1777 | 77.2538 |
| 14 | केरल | इडुक्की | वेल्लाथुवल | 9.9800 | 77.0100 |
| 15 | केरल | इडुक्की | थोडापूझा | 9.9100 | 76.6000 |
| 16 | केरल | वायनाड | अम्बालावायल_एएफएमयू | 11.6173 | 76.2141 |
| 17 | केरल | वायनाड | कबनिगिरी | 11.8544 | 76.1781 |
| 18 | केरल | वायनाड | कालपेटा | 11.6264 | 76.0886 |
| 19 | केरल | वायनाड | करापुझा | 11.6180 | 76.1670 |
| 20 | केरल | वायनाड | कुप्पाडी | 11.6786 | 76.2269 |
| 21 | केरल | वायनाड | पदमाला | 11.8111 | 76.0758 |
| 22 | केरल | वायनाड | पडिंजराथारा_बांध | 11.6560 | 75.9460 |
| 23 | केरल | वायनाड | मनथावाडी | 11.7900 | 76.0000 |
| 24 | केरल | वायनाड | मीनंगडी | 11.6600 | 76.1600 |
| 25 | केरल | वायनाड | पूकोट | 11.5300 | 76.0200 |

*****